
# मिशन शिक्षण संवाद



# काव्य मंजरी



## शैक्षिक गीतों का संकलन

# शुभ दीपावली



संकलन:- काव्य मंजरी टीम

## मिशन शिक्षण संवाद



# मिशन शिक्षण संवाद





# शुभ दीपावली

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

## आयी है दिवाली

**तर्ज- सूरज की गर्मी से जलते हुए तन को..**

आयी है दिवाली,
फिर छायी खुशहाली,
फैला जगत उजियारा।
दीपों की दीपाली,
हाथों में ले थाली,
सब ने तुम्हें पुकारा।।
लक्ष्मी माँ ! ओ लक्ष्मी माँ !

जो कल से भूखे हैं,
पतझड़ से सूखे हैं,
हरदम ही हैं बेसहारा।
मिट्टी की मूरत से,
जिंदा जरूरत से,
किसने उन्हें है सँवारा।
लक्ष्मी माँ ! ओ लक्ष्मी माँ !

दीनों को-हीनों को,
धन से विहीनों को,
मिल जाए माँ का सहारा।
भर जेबें वो खाली,
मन जाए दिवाली,
ना कर तू उनसे किनारा।।
लक्ष्मी माँ ! ओ लक्ष्मी माँ !

सूरज की गर्मी में,
पत्तों की नरमी में,
जीवन जिन्होंने गुजारा।
दर्दीली रातों में,
दिया ले हाथों में,
तुम को हृदय से पुकारा।।
लक्ष्मी माँ ! ओ लक्ष्मी माँ !



रचना-
श्रीमती पूनम गुप्ता
(स०अ०) प्रा० वि० धनीपुर,
धनीपुर, जनपद अलीगढ़

शिक्षा का उत्थान शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद





# शुभ दीपावली

02

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

## खुशियों के दीप जलाएँ



आयी दीवाली जगमग करती,
दीपों की सज गयी कतार।
हर कोने में ज्योति रश्मियाँ,
मिटा धरा से है अन्धकार।।

तेल स्नेह और प्रेम, प्यार का,
सब दीपों में मिलकर डालें।
दीन-दुखी जन को संग लेकर,
आओ मिल त्यौहार मना लें।।



अशिक्षा, अज्ञानता, कुरीति,
अन्धविश्वास को दूर भगाएँ।
ज्ञान के दीपक हर मन में,
हम इस दीवाली में जलाएँ।।

धरती से अम्बर तक फैले,
जग के हर कोने को सजाएँ।
महल ही नहीं, हर झोपड़ी में,
हम खुशियों के दीप जलाएँ।।



रचना
शिखा वर्मा (इं० प्र० अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर

आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429



# मिशन शिक्षण संवाद



## शुभ दीपावली

03

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

## दीवाली आयी

दीवाली आयी, दीवाली आयी,
खुशियों की हरियाली छायी।
जीवन में उजियाली लायी,
रंग-बिरंगी रंगोली छायी।।



दीवाली आयी, दीवाली आयी,
सबके मन को खूब है भायी।
मम्मी-पापा, चाचा-चाची,
सबने मिलकर खुशियाँ मनायी।।

रंग-बिरंगे दीये जलाएँ,
चलो घर मे रंगोली बनाएँ।
रंग-बिरंगे रंगों से बनाएँ,
चलो हम घर के कोनों को भी सजाएँ।।



सब मिलजुलकर दीवाली मनाएँ,
दीवाली आयी, दीवाली आयी।
जीवन में उजियाली लायी,
स्वर्ग के जैसे घर को बनाएँ।।



रचना
सौम्या कुमारी (कक्षा- 5)
प्रा० वि० डेरवांखुर्द
चहनियां, चंदौली



# मिशन शिक्षण संवाद



## शुभ दीपावली

04

**मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....**

देखो देखो आयी दिवाली,
सबके मन को भायी दिवाली।
धूम-धड़ाके चले पटाखे,
दीपों की पंक्ति है जली।।

## शुभ दीपावली



दिवाली उत्सव अलबेला,
त्यौहारों का लगता मेला।
धनतेरस, गोवर्धन, दौज,
चारों ओर प्रकाश है फैला।।

बच्चे-बूढ़े मौज मनाते,
खील-बताशे मीठा खाते।
संग अपने उपहार लेकर,
एक-दूजे से मिलने जाते।।



लक्ष्मी जी की पूजा होती,
सब के कष्टों को वह हरती।
असत्य पर जीते सत्य हमेशा,
दिवाली संदेश यह देती।।



रचना
हेमलता गुप्ता (स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़



# मिशन शिक्षण संवाद





# शुभ दीपावली

05

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

## शुभ दीपोत्सव



आयी दीवाली जग-मग,
घर-बाहर हुए सारे।
कुबेर, धनवन्तरी को पूजें,
स्वस्थ तन रहें हमारे।।

छोटी दीवाली, रुप-चतुर्दशी,
स्वस्थ-सुन्दर शरीर होता,
सुखद अनुभूति लिए परिवार संग,
दीवाली को लक्ष्मी पूजन होता।।

धन-धान्य माँ लक्ष्मी से,
सदबुद्धि श्री गणेश से पावें,
सफल मनोरथ करने को,
गिरिराज जी पूजे जावें।।



स्वस्थ तन-मन और धन,
अज्ञानता का तम मिटे।
बहनें भाई को करतीं तिलक,
प्रेम सौहार्द रिश्तों में मिले।।



रचना
नैमिष शर्मा (स०अ०)
परि० संवि० वि०- तेहरा
मथुरा, मथुरा

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद





## शुभ दीपावली

06

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

# दीवाली

दीवाली आयी, दीवाली आयी,
खुशियों के पल साथ में लायी।
बच्चों में है खुशियाँ छायी,
दीवाली आयी, दीवाली आयी।



घर की साफ-सफाई करते,
कीटाणुओं को दूर हैं भगाते।
घर-घर में हम दीये जलाएँ,
घर से अँधकार मिटाएँ।।



हर घर मे सुख समृद्धि आए।
मिलजुल  हम त्यौहार मनाएँ।
मीना देखो पटाखे लायी,
दीवाली आयी, दीवाली आयी।।



रचना
रुचि मोदनवाल (कक्षा- 5)
प्रा० वि० देवीगंज प्रथम
कड़ा, कौशाम्बी



# मिशन शिक्षण संवाद



## शुभ दीपावली



07

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

## दीवाली




जब लौटे थे भगवान राम,
चौदह साल के वनवास से,
सबने अपने घर सजाए,
एक नए उल्लास से।।

दीप जलाए खुशियों वाले,
घर- घर फैला था उजियारा।
लक्ष्मी जी की पूजा करके,
हर घर ने था जश्न मनाया।।

घर की करके साफ- सफाई,
हर कोने में दीप जलायी।
बच्चे- बूढ़े सब खुश होकर,
घर- घर बाँटते थे मिठाई।।

स्वागत करने श्री राम का,
हर कोई तैयार खड़ा।
इसीलिए दीवाली का,
त्यौहार है सबसे बड़ा।।



रचना- शहनाज़ बानो (स०अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद





# शुभ दीपावली



08

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

## दीपावली पर्व

### तर्ज- होली के दिन दिल खिल जाते हैं....



दिवाली का दिन जब आ जाता है,
खुशियों का आलम छा जाता है।
दीपों का पर्व ये प्यारा-प्यारा,
खुशियों से दामन भर जाता है।।



आज के दिन आये श्रीराम वनवास से जी,
दीप चहुँ ओर जगमगाए खुशियों के प्रकाश से जी।
खुशियाँ मनाएँ जी, सब नाचें गाएँ जी,
आज पधारे भगवान।
चारों ओर देखे जो, आनन्द से कहे वो,
बड़ा ही नजारा आ जाता है।।



दीपावली के जैसा कोई त्यौहार ना दुनिया में,
लहरें उठे हैं उमंगों की झूमें हैं सब खुशियों में।
घर-आँगन संवारें जी, रंगते दीवारें जी,
घर-घर बनाते पकवान।
आपस में मिलते हैं, मिष्ठान देते हैं,
आपस में प्रेम बढ़ जाता है।।


रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर-1
जनपद- बागपत




शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



09

## शुभ दीपावली

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

## खास दीवाली



अंधेरों मे आशाओं के दीप जलाते हैं,
चलो इस बार दीवाली कुछ खास बनाते हैं।
मिलना मिलाना दूर से हो कोरोना काल मे,
हम दिलों को दिलों से मिलाते हैं।।

माना इस बार है कुछ परेशानियाँ,
पर सबकुछ अच्छा होगा बेहतर होगा।
ऐसी उम्मीद सबके दिलों मे जगाते हैं,
कुछ आम लोगों की दीवाली खास बनाते हैं।।

घर की साफ-सफाई के साथ-साथ,
मन के विचारों को भी चमकाते हैं।
विचारों के जुगनुओं से दिवाली,
और चमकदार बनाते हैं।।



नवदीप जले, फूल खिले, महके आँगन,
और नयी-नयी बहारें छा जाएँ।
दीवाली के पावन अवसर पर,
माँ लक्ष्मी का आशीर्वाद पा जाएँ।।

रचना
रीना कुमारी (शिक्षक संकुल)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



# मिशन शिक्षण संवाद

## शुभ दीपावली

10

मिशन शिक्षण संवाद की ओर से प्रकाश पर्व
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ....

# दीवाली

दिवाली का देखो पर्व है आया,
जगमग जगमग खुशियाँ लाया।
कार्तिक मास की अमावस्या को,
हर जगह देख फैला उजाला।।



कोई रंगोली है बनाता,
कोई देखो दिया जलाता।
लौटे इस दिन थे राम-जानकी,
आने का उत्सव जग है मनाता।।

घर की हुई साफ सफाई,
गोबर से आँगन की लिपाई।
मिठाई लाये पापा मम्मी,
गणेश के साथ लक्ष्मी आयी।।



रचना-
आकांक्षा मिश्रा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय सिकन्दरपुर
सुरसा, हरदोई

# मिशन शिक्षण संवाद

## शैक्षिक गीतों का संकलन

## शुभ दीपावली

### रचनाकारों की सूची

01- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
02- शिखा वर्मा, सीतापुर
03- सौम्या कुमारी (छात्रा), चंदौली
04- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
05- नैमिष शर्मा, मथुरा
06- रुचि मोदनवाल (छात्रा), कौशाम्बी
07- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
08- जितेन्द्र कुमार, बागपत
09- रीना कुमारी, बागपत
10- आकांक्षा मिश्रा, हरदोई

**तकनीकी सहयोग**

1- नमिता राजपूत, मुरादाबाद
2- नाजिया परवीन, मुरादाबाद

मार्गदर्शक:- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलन:- काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद